Grade 7 Hindi
Periodic Test (July 22

sns academy
a fingerprint school

www.snsgroups.com

Grade - 9 | Periodic Test -2 | Marks -40
Date - 24.08.2022 | Hindi | Time-1½Hrs

(खण्ड - क)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (5)

प्रेमचंद ने खंभु हिमपात की स्थिति से सबको अवगत कराया। 6000 मी. की ऊँचाई पर कैंप था, हिमपात स्थल के ठीक ऊपर का रास्ता साफ़ कर दिया गया , उन्होंने कहा बर्फ का गिरना अभी तक जारी है और आशंका यह हैं कि पुनः रास्ता बंद हो सकती है और उसे फिर से खोलना पड़ेगा।
हिमपात अलग - अलग तरीके से हो सकता है और इसमें कुछ अनियमित बदलाव होते हैं। हिमपात बर्फ के टुकड़े का अनियमित ढंग से गिरना है। हवा के तेज चलने से भी अधिक हिमपात होते है जिससे स्थितियाँ बदल जाती हैं।
एवरेस्ट की चढ़ाई के समय तुरंत गिरी हुई बर्फ में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ जाती हैं।
इन दरारों में व्यक्ति अगर गिर जाए तो फिर निकलना मुश्किल हो जायेगा।
अकसर यहाँ जान-माल जाने की घटनाएं होती रहती हैं और होती रहेंगी।
एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी होकर लेखिका ने अद्भुत अनुभव किया। लेखिका ने उन छोटी-छोटी भावों को भी लिपिबद्ध किया, जिन भावों को अभिव्यक्त कर पाना बहुत कठिन है। इस सफलता के बाद लेखिका को बहुत सारी बधाईयाँ मिली। लेखिका ने उस स्थान को फरसे से काटकर चौड़ा किया, जिस पर वह खड़ी हो सके। उन्होंने वहा राष्ट्रध्वज फहराया, और कुछ संक्षिप्त पूजा-अर्चना भी किया । विजय दल का वर्णन किया ,लेखिका ने वर्णनात्मक शैली को

एकरूप बनाए रखा कि पाठक को इन घटनाओं का वर्णन आँखों देखा दृश्य जैसा लगने लगा।

(क) अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहा था?

(ख) उपनेता प्रेमचंद ने किन परिस्थितियों से अवगत कराया?

(ग) हिमपात किस तरह होता है और इससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?

(घ) एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी होकर लेखिका ने कैसा अनुभव किया। फ़िर उसने क्या किया ?

(ङ) एवरेस्ट की चढ़ाई के समय तुरंत गिरी हुई बर्फ में बड़ी-बड़ी दरारें पड़नें से क्या होता है ?

(खण्ड - ख)

2. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए शब्दों का मानक रूप लिखिए - (2)

(क) सभावना (ख) ससार,

3. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्दों को लिखिए- (2)

(क) बटवारा (ख) आवला

4. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर लगे नुक्ते वाले शब्द लिखिए-(2)

(क) जालिम (ख) फैसला

5. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए - (4)

(क) वधूर्मि का संधि विच्छेद है- ?

1. वधू+उर्मि
2. वधू+ऊर्मि
3. वधु+उर्मि
4. वधु+ऊर्मि

(ख) सत्याग्रह का सही संधि-विच्छेद है ?

1. सत्या+ग्रह
2. सत+आग्रह
3. सत्य+ग्रह
4. सत्य+आग्रह

(ग) **प्रत्येक का सही संधि-विच्छेद है ?**

1. प्र+तिएक
2. प्रतिए+क
3. प्रति+एक
4. प्रतिक+ए

(घ) **घुड़दौड़ का सही संधि-विच्छेद हैं ?**

1. घोड़ा+दौड़
2. घुड़+दौड़
3. घोड़+दौड़
4. इनमें कोई नहीं

(खण्ड - ग)

6.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (9)

(क) लेखिका को 'सागरमाथा' नाम क्यों अच्छा लगा?

(ख) प्रेम का धागा टूटने पर पहले की भाँति क्यों नहीं हो पाता?

(ग) लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने किन शब्दों में बधाई दी?

(घ) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?

7.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं एक प्रश्न के उत्तर लिखिए : (5)

(क) एक को साधने से सब कैसे सध जाता है?

(ख) मोती, मानुष, चून' के संदर्भ में पानी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड - घ)

8.निम्नलिखित में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए : (6)

(क) मन के हारे हार है मन के जीते जीत

(ख) आत्मविश्वास

(ग) सादा जीवन उच्च विचार

9. संगीत संध्या का आयोजन पर एक विज्ञापन लिखें | (5)

या

" न्यू रायल चायपत्ती " के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।